# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### जनवरी-मार्च, 2010 सत्र

### बुधवार, दिनांक 13 जनवरी, 2010

## तारांकित प्रश्नोत्तर

कोरबा जिले में चिमनी हादसे में दर्ज प्रकरण

1 (*क्र. 132) **श्री मोहम्मद अकबर :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले में वर्ष 2009 में बाल्को में चिमनी ढहने से हुए हादसे में कौन-कौन से अपराधिक प्रकरण किन-किन धाराओं में, किनके-किनके विरुद्ध किन-किन थानों में कब-कब, दर्ज किये गये हैं ? उक्त मामलों में किनकी-किनकी गिरफ्तारी किन-किन कारणों से हुई तथा किनको-किनको गिरफ्तार किया जाना है ? (ख) उक्त घटना में किनकी-किनकी मृत्यु हुई है ?

**गृह मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) कोरबा जिला स्थित बाल्को में दिनांक 23-09-2009 को चिमनी ढहने से हुए हादसे में अपराध क्र.-377/09 धारा 304, 34 भादवि का अपराध बालको पावर प्लांट के चिमनी निर्माता कंपनी सेपको (सेन्डान इलेक्ट्रिकल पावर कार्पोरेशन) चाइना के चिमनी निर्माण के ठेका कंपनी जीडीसीएल (गेनन डंकर्ली) कंपनी लिमिटेड के विरुद्ध थाना बालको में दिनांक 23-09-2009 को दर्ज किये गये हैं. उपरोक्त मामले में जानबूझकर गुणवत्ता संबंधी तथ्यों एवं तकनीकी मापदण्डों को अनदेखा कर ऐसा निर्माण कार्य करा जिससे कभी भी जानमाल को नुकसान पहुंचाने वाली घटना घटित हो सकती है, के कारण निम्न लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

1. मनोज शर्मा, प्रोजेक्ट हेड, जीडीसीएल कंपनी दिनांक 07-10-2009
2. विरल मेहता वाईस प्रेसीडेंड (प्रोजेक्ट) बालको कंपनी दिनांक 16-11-2009
3. दीपक नारंग, एजीएम बालको कंपनी दिनांक 16-11-2009
4. अनूप महापात्र, जीईटी इंजीनियर बालको कंपनी दिनांक 16-11-2009

विवेचना जारी है. दोषी पाये जाने पर संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किया जायेगा. (ख) उक्त घटना में 40 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है. परिशिष्ट † संलग्न है.

प्रदेश के सलवा-जुडुम कैम्पों में व्यय राशि

2. (*क्र. 141) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विगत तीन वर्षों में प्रदेश के सलवा-जुडुम के कैम्पों में किन-किन मदों में कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है ? किन-किन कैम्पों में कितने आदिवासी रह रहे हैं ? (ख) खर्च की गई राशि का आवंटन किस-किस विभाग के किस-किस मद से किया गया है ?

**गृह मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

सामु. स्वास्थ्य, प्राथ. स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की नियुक्ति

3. (*क्र. 116) **श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं ? ग्राम के नाम सहित बतायें ? (ख) उल्लेखित स्वास्थ्य केन्द्रों में से कितने केन्द्र स्वयं के भवन में संचालित नहीं हैं ? केन्द्र का नाम, ग्राम का नाम बतायें ? (ग) प्रश्नांश (क) में उल्लेखित केन्द्रों में कितने-कितने चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं ? केन्द्रवार बतायें, कितने पद रिक्त हैं ? रिक्त पदों की पदस्थापना कब तक की जावेगी ?

† परिशिष्ट "एक"

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) 30 बिस्तर अस्पताल 01, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निरंक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 05 तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र 33, संचालित हैं, जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 21 उप स्वास्थ्य केन्द्र, विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार. (ग) चिकित्सकों के स्वीकृत पद तथा रिक्त पद स्वास्थ्य केन्द्रवार निम्नानुसार है :—

| क्र. | संस्था का नाम | स्वीकृत | रिक्त |
|---|---|---|---|
| 1. | 30 बिस्तर अस्पताल, अहिरवारा | 04 | 03 |
| 2. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, ननकट्ठी | 02 | निरंक |
| 3. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जेवरा | 02 | निरंक |
| 4. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भिलाई-3 | 02 | निरंक |
| 5. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सुरडुंग | 02 | निरंक |
| 6. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुरमुंदा | 02 | निरंक |
| | **कुल योग** | **14** | **03** |

रिक्त पदों पर पदस्थापना के लिए निश्चित समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

दुर्ग जिले की आनावारी एवं सूखाग्रस्त विकासखण्ड की जानकारी

4. ( *क्र. 174) **श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या खरीफ वर्ष 2009-10 की दुर्ग जिले की विकासखण्डवार आनावारी रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है ? (ख) यदि हां, तो किन-किन विकासखण्डों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है ? (ग) सूखाग्रस्त घोषित विकासखण्डों के कृषकों एवं मजदूरों के लिए राज्य शासन द्वारा क्या कोई राहत पैकेज तैयार किया गया है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जी हां. (ख) प्राप्त आनावारी रिपोर्ट के अनुसार प्रभावित तहसीलों को नियमानुसार सूखा घोषित करने की कार्यवाही की जा रही है. (ग) कलेक्टर के प्रस्ताव पर राहत राशि आवश्यकतानुसार स्वीकृत की जावेगी.

बागबहरा एवं पिथौरा विकासखण्ड की आनावारी

5. ( *क्र. 184) **श्री परेश बागबाहरा** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2009 खरीफ में बागबहरा एवं पिथौरा तहसील की आनावारी रिपोर्ट क्या है ? ग्रामवार जानकारी प्रदान करें. (ख) आनावारी रिपोर्ट की गणना कब-कब किस आधार पर की गई ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) तहसील बागबाहरा में कुल 242 ग्राम हैं. 0 से 25 पैसे तक आनावारी वाले 2 ग्राम, 26 से 37 पैसे तक 6 ग्राम, 38 से 49 पैसे तक 172 ग्राम एवं 50 पैसे से अधिक वाले 62 ग्राम हैं. पिथौरा में कुल 249 ग्राम हैं जिसमें आनावारी 0 से 25 पैसे तक निरंक, 26 पैसे से 37 पैसे तक निरंक, 38 पैसे से 49 पैसे तक 153 ग्राम एवं 50 पैसे से अधिक 96 ग्राम हैं. ग्रामवार आनावारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है. (ख) पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व अधिकारियों द्वारा किये गये सामान्य फसल कटाई प्रयोग के आधार पर आनावारी की गणना 30 नवम्बर, 2009 के पूर्व की गई है.

पर्यवेक्षक एवं महिला बाल विकास अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति

6. ( *क्र. 62) **डॉ. हरिदास भारद्वाज** : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पर्यवेक्षक एवं महिला बाल विकास अधिकारी के कितने पद रिक्त हैं ? जिलेवार बतायें ? (ख) महासमुन्द जिले में पर्यवेक्षक के पद कहां-कहां तथा कब से रिक्त हैं ? उक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी ?

---

† परिशिष्ट "दो"

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** ( सुश्री लता उसेंडी ) : ( क ) जानकारी * संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. ( ख ) जानकारी * संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार है. पर्यवेक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पर्यवेक्षकों का चयन हो चुका है परन्तु माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष इससे संबंधित याचिका विचाराधीन होने के कारण नियुक्तियां नहीं की जा सकी है. पदों की पूर्ति हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

कोरबा के ग्राम दादरखुर्द की शासकीय भूमि की जानकारी

7. ( *क्र. 152) **श्री सौरभ सिंह :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) कोरबा जिला स्थित ग्राम दादरखुर्द प. ह. नं. 05, रा.नि.मं कोरबा में शासकीय भूमि ख. नं. 595 का कितना रकबा है ? इस भूमि का वर्तमान में क्या उपयोग हो रहा है ? ( ख ) सन् 1927 के मिशल में इस भूमि का कितना रकबा था ? ( ग ) क्या इस भूमि पर किसी को पट्टा दिया गया है ? यदि हां, तो व्यक्तिवार, रकबावार जानकारी देवें ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) कोरबा जिला स्थित ग्राम दादरखुर्द, प. ह. नं. 05, रा. नि. मं कोरबा में शासकीय भूमि खसरा नंबर 595 का रकबा 440.00 एकड़ मसाहती खसरा में दर्ज है. जिसमें से 288.37 एकड़ भूमि एन. सी. डी. सी. को लीज में दिया गया है. शेष भूमि बांसबाड़ी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, मरघट, मुर्दा मवेशी के खाल निकालने का स्थान, सड़क तथा चराई के उपयोग में लाया जा रहा है. ( ख ) ग्राम दादरखुर्द के सन् 1927 के मिसल में कुल 452 खसरा नंबर तक ही इन्द्राज है. मिसल में खसरा नंबर 595 का उल्लेख नहीं है. ग्राम के निस्तार पत्रक वर्ष 1957 एवं चालू मसाहती खसरा तथा बी-1 में खसरा नंबर 595 का रकबा 440.00 एकड़ दर्ज है. ( ग ) इस भूमि पर एन.सी.डी.सी. को 288.37 एकड़ भूमि लीज में दिया गया है. किसी भी व्यक्ति को पट्टा नहीं दिया गया है.

निजी नर्सिंग महाविद्यालयों से संबंधित

8. ( *क्र. 45) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि ( क ) प्रदेश में कितने निजी नर्सिंग महाविद्यालय किराए के भवन में संचालित हैं, नाम, पता सहित जानकारी दें ? जो महाविद्यालय किराए के भवन में हैं, उन्हें स्वयं के भवन में स्थानांतरित करने हेतु किस तिथि तक छूट प्रदान की गई है ? छूट के आदेश क्रमांक एवं दिनांक क्या हैं ? ( ख ) इण्डियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली द्वारा 31 मार्च, 2009 को दिये गए अन्तिम नोटिस के बाद राज्य शासन द्वारा इस नोटिस के क्रियान्वयन हेतु क्या कदम उठाये गये हैं ? ( ग ) राज्य के नर्सिंग महाविद्यालयों में वर्तमान में शिक्षकों के लिए क्या योग्यता एवं अनुभव निर्धारित हैं ? क्या सभी महाविद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक हैं ? यदि नहीं, तो जिन कॉलेजों में निर्धारित संख्या में शिक्षक नहीं हैं, उनके संचालकों को शिक्षकों की कमी पूर्ण करने हेतु क्या राज्य शासन द्वारा कोई दिशा-निर्देश दिए गए हैं ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) प्रदेश में 09 निजी नर्सिंग महाविद्यालय किराए के भवन में संचालित है ( ** संलग्न प्रपत्र "अ" ). इंडियन नर्सिंग कौंसिल द्वारा 31-03-2009 तक छूट दी गई हैं. इंडियन नर्सिंग कौंसिल का पत्र क्रमांक 1-5/जीबी-सीआईआर/2005-आईएनसी दिनांक 16-05-2008 हैं. ( ख ) दिनांक 31 मार्च, 2009 को इंडियन नर्सिंग कौंसिल द्वारा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. ( ग ) राज्य के नर्सिंग महाविद्यालयों में शिक्षकों के लिए इंडियन नर्सिंग कौंसिल द्वारा निर्धारित योग्यता एवं अनुभव की जानकारी ( ** संलग्न प्रपत्र "ब" ) है. जी हां. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम बिर्रा को थाना का दर्जा प्रदान करने संबंधी

9. ( *क्र. 125) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या ग्राम बिर्रा विकासखण्ड बम्हनीडीह जिला जांजगीर-चांपा को थाने का दर्जा प्रदान कर दिया गया है ? यदि हां, तो कब तथा थाना कब तक प्रारंभ कर दिया जाएगा ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर ) : जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्ड बम्हनीडीह के ग्राम बिर्रा में शासन के पत्र क्रमांक एफ 2-62/06/गृह-दो, रायपुर दिनांक 28-05-2007 द्वारा थाना स्वीकृत किया गया है. वर्तमान में प्रशासनिक भवन एवं आधारभूत सुविधाओं की कमी होने से थाना प्रारंभ नहीं किया जा सका है. थाना प्रारंभ करने की समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

---

* परिशिष्ट "तीन"

** परिशिष्ट "चार"

मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मेडिकल कॉलेज हेतु अनुमति विषयक

10. ( *क्र. 86 ) **श्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सच है कि मेडिकल कौंसिल ऑफ इण्डिया ने इस वर्ष जगदलपुर स्थित मेडिकल कालेज को अनुमति देने से इंकार कर दिया है ? यदि हां, तो किन कारणों से अनुमति नहीं दी है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : जी हां. चिकित्सा शिक्षकों की कमी एवं अधोसंरचना की अपूर्णता होने के कारण.

भू-राजस्व की संहिता की धारा 170 (ख) के विचाराधीन प्रकरण

11. ( *क्र. 209 ) **श्री फूलचंद सिंह :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मनेन्द्रगढ़ अनुविभाग में भू-राजस्व संहिता की धारा 170 (ख) के कितने प्रकरण विचाराधीन है ? (ख) विचाराधीन प्रकरणों में से कितने हेड अ. 23 के अंतर्गत तथा कितने विविध जांच अर्थात हेड ब. 121 के अंतर्गत पंजीबद्ध है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) मनेन्द्रगढ़ अनुविभाग जिला कोरिया में भू-राजस्व संहिता की धारा 170 (ख) के 28 प्रकरण विचाराधीन है. (ख) विचाराधीन प्रकरणों में से हेड अ-23 धारा 170 (ख) के 13 प्रकरण तथा विविध जांच अर्थात हेड ब-121 के 15 प्रकरण पंजीबद्ध है.

रायगढ़ जिले में घटित अपराधों के पंजीबद्ध प्रकरण

12. ( *क्र. 7 ) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले में वर्ष 2009 में कितने मारपीट, आर्म्स एक्ट, दुर्घटना, घायल, मौत, हत्या, दहेज प्रताड़ना एवं मौत, चोरी, लूट और लूट का प्रयास, डकैती, डकैती का प्रयास, अफरा तफरी, धोखाधड़ी, छेड़खानी, अनाचार के कितने-कितने प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं. थानेवार जानकारी देवें ? (ख) उक्त प्रकरणों में से कितने प्रकरणों में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर ) : (क) रायगढ़ जिले में वर्ष 2009 में मारपीट-563, आर्म्स एक्ट-18, दुर्घटना-554, घायल-246, मौत-1039, हत्या-82, दहेज प्रताड़ना-36 एवं मौत-9, चोरी-563, लूट-56 और लूट का प्रयास-2, डकैती-5, डकैती का प्रयास-1, अफरा तफरी-17, धोखाधड़ी-54, छेड़खानी-73, अनाचार के-43 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं, थानावार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में है. (ख) कुल पंजीबद्ध 2322 प्रकरणों में से 1668 प्रकरणों में चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है.

गृह विभाग को भारत सरकार द्वारा आवंटित राशि का विवरण

13. ( *क्र. 196 ) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वर्ष 2005-2006, 2006-2007, 2007-2008, 2008-2009 एवं वर्ष 2009-2010 में भारत शासन द्वारा छ. ग. प्रदेश को पुलिस आधुनिकीकरण हेतु राशि का आवंटन किया गया है ? यदि हां, तो वर्षवार कितनी-कितनी राशि का आवंटन भारत शासन से प्राप्त हुआ है ? कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है ? वर्षवार आंकड़े दें ? (ख) क्या आवंटित राशि को गृह विभाग द्वारा खर्च किये जाने के पश्चात् उपयोगिता प्रमाण-पत्र भारत शासन को भेजा जाता है ? यदि हां, तो वर्षवार किस-किस तिथि को कितनी राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजा गया है ? वर्षवार विवरण दें ?

**गृह मंत्री** ( श्री ननकीराम कंवर ) : (क) जी हां. भारत सरकार से आधुनिकीकरण योजना के अंतर्गत वर्षवार आवंटन एवं व्यय का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. (1) | वर्ष (2) | प्राप्त आवंटन (रु.) (3) | व्यय राशि (रु.) (4) | अव्ययित राशि (रु.) (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2005-06 | 39,08,30,490 | 39,08,30,490 | 0 |
| 2. | 2006-07 | 56,98,56,634 | 56,98,56,634 | 0 |

† परिशिष्ट "पांच"

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 3. | 2007-08 | 40,32,80,000 | 36,44,07,442 | 3,88,72,558 |
| 4. | 2008-09 | 11,00,08,000 | 7,02,73,321 | 3,97,34,679 |
| 5. | 2009-10 | 2,25,00,000 | 0 | 2,25,00,000 |
| | **योग** | **1,49,64,75,124** | **1,39,53,67,887** | **10,11,07,237** |

(ख) जी हां, भारत सरकार, गृह मंत्रालय को समय-समय पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रेषित किया जाता है. योजना वर्ष 2005-06 से 2008-09 की प्राप्त राशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र वर्षवार निम्न विवरण अनुसार प्रेषित किया गया है :—

| क्र. | योजना वर्ष, जिसके लिए प्रमाण पत्र भेजा गया | उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रेषण की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | 2000-01 से 2005-06 | 06-09-07, 26-12-07, 24-03-08 |
| 2. | 2000-01 से 2006-07 | 01-08-09, 29-08-09, 09-02-09, 20-03-09 |
| 3. | 2000-01 से 2008-09 | 15-06-09, 10-10-09, 11-11-09, 21-12-09 |

उपयोगिता प्रमाण-पत्र में दर्शायी गई व्यय राशि का विवरण परिशिष्ट पर † संलग्न है.

## प्री स्कूल किट हेतु निविदा

14. ( *क्र. 219) **श्री अमितेश शुक्ल :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या प्री स्कूल किट हेतु वर्ष 2009-10 में राष्ट्रीय स्तर पर निविदाएं आमंत्रित की गई ? (ख) यदि हां, तो अन्तिम तिथि कब है ? यदि अन्तिम तिथि निकल चुकी है तो क्या निविदा खोलने शर्तों में भण्डार क्रय नियमों का पालन किया गया ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** (सुश्री लता उसेंडी) : (क) जी हां. (ख) प्री स्कूल किट के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 17-11-2009 थी. जी हां, पालन किया गया है.

## चिकित्सक विहीन अस्पताल में चिकित्सक की नियुक्ति

15. ( *क्र. 37) **श्री विरेन्द्र कुमार साहू :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) गुण्डरदेही विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-देवरी (बंगला) में चिकित्सक के कितने पद स्वीकृत हैं ? (ख) स्वीकृत पद के विरुद्ध कितने चिकित्सक वर्तमान में पदस्थ हैं ? (ग) रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर दी जावेगी ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) देवरीबंगला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत नहीं है. (ख) एवं (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

## जिला जांजगीर-चांपा में निराश्रित, वृद्धावस्था, नि:शक्तजन पेंशन का भुगतान

16. ( *क्र. 220) **श्री दूजराम बौद्ध :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जांजगीर-चांपा जिले में 01 जनवरी, 2008 से 1 नवंबर 2009 तक माहवार कितने निराश्रित, निशक्त वृद्धा एवं विधवा (सुखद सहारा), परित्यक्ता को पेंशन प्रदान की गई, विकासखण्डवार बताएं ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री (सुश्री लता उसेंडी)** : जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर है.

† परिशिष्ट "छ:"

†† परिशिष्ट "सात"

रायपुर में चोरी/हत्या/डकैती के प्रकरणों में कार्यवाही

17. ( *क्र. 162) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि रायपुर में 1 जनवरी, 2009 से 27 दिसम्बर, 2009 तक चोरी/हत्या/डकैती के कितने प्रकरण दर्ज किए गए ? थानावार ब्यौरा दें ? कितने प्रकरणों में नामजद अपराधियों को पकड़ा गया ?

**गृह मंत्री** (श्री ननकीराम कंवर) : रायपुर में 1 जनवरी से 27 दिसम्बर, 2009 तक चोरी के कुल-1554, हत्या-99, डकैती-09, कुल-1662 प्रकरण दर्ज किये गये. थानावार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" में है. उपरोक्त कुल-1662 दर्ज प्रकरणों में से 192 प्रकरण में 352 नामजद अपराधी पकड़े गये हैं. प्रपत्र "ब" † संलग्न है.

राजस्व अभिलेखों का कम्प्यूटरीकरण

18. ( *क्र. 133) **श्री मोहम्मद अकबर** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कवर्धा एवं पंडरिया तहसील के ग्रामों की ग्रामवार चकबंदी, किन-किन वर्षों में हुई है ? (ख) उक्त तहसीलों के ग्रामों की पटवारी हल्कावार राजस्व अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) एवं (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है.

कसडोल में स्वीकृत अस्पताल के निर्माण कार्य की स्थिति

19. ( *क्र. 140) **श्री राजकमल सिंघानिया** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वित्तीय वर्ष 2005-06 में कसडोल मुख्यालय में स्वीकृत 100 बिस्तर अस्पताल के निर्माण कार्य का टेण्डर कब हुआ था ? कार्य की समाप्ति का समय क्या था ? क्या कार्य पूर्ण हो गया है ? (ख) यदि पूर्ण नहीं हुआ है तो कब तक हो जावेगा ? यदि विलंब हुआ है तो विलंब का कारण बतावें ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) दिनांक 25-11-2005. दिनांक 13-12-2007. जी नहीं. (ख) निश्चित समय सीमा बता पाना सम्भव नहीं. पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के अभाव में.

रायपुर शहर के अनुपम नगर कालोनी में शिक्षा हेतु आरक्षित भूमि

20. ( *क्र. 185) **श्री परेश बागबाहरा** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर शहर के अनुपम नगर में एल. आई. एवं एन ब्लॉक के मध्य में स्थित भूमि में शिक्षा हेतु कुल कितनी भूमि राजस्व अभिलेखों में, कब से आरक्षित है ? (ख) क्या उक्त भूमि में कोई निर्माण कार्य हुआ है ? यदि हां, तो क्या-क्या, किसके द्वारा, किसकी अनुमति से ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) रायपुर शहर के अनुपम नगर के किसी भी ब्लॉक में शिक्षा हेतु भूमि राजस्व अभिलेखों में आरक्षित नहीं है. (ख) प्रश्नांश क के उत्तर के परिपेक्ष्य में उक्त भूमि पर निर्माण कार्य संबंधी जानकारी दिया जाना संभव नहीं है.

कुष्ठ निवारण केन्द्रों की जानकारी

21. ( *क्र. 153) **श्री सौरभ सिंह** : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में कुष्ठ रोग के कितने मरीज हैं ? (ख) राज्य में शासन द्वारा और अन्य द्वारा कहां-कहां पर कुष्ठ निवारण केन्द्र चलाये जा रहे हैं ? (ग) सरकार द्वारा इन केंद्रों को 2005 से 30-10-09 तक कितना अनुदान दिया गया है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** (श्री अमर अग्रवाल) : (क) नवम्बर 2009 की स्थिति में 6070 मरीज. (ख) राज्य शासन द्वारा 10 बिस्तर अस्पताल चितलाल (चितालंका) जिला दंतेवाड़ा में 01, बस्तर में 1 एवं 100 बिस्तर लेप्रासी होम एण्ड हॉस्पीटल रायपुर में 01 तथा अन्य द्वारा

† परिशिष्ट "आठ"

टी.एल.एम. होम एण्ड हॉस्पीटल बैतलपुर जिला बिलासपुर एवं टी. एल. एम. होम एण्ड हॉस्पीटल चाम्पा जिला जांजगीर-चांपा में कुष्ठ निवारण केन्द्र चलाये जा रहे हैं. (ग) शासकीय संस्थाओं को बजट के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई जाती है. अन्य एन. जी. ओ. अस्पताल को कोई भी अनुदान नहीं दिया गया है.

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मशीनों व उपकरणों की खरीदी में अनियमितता के दर्ज प्रकरण

22. ( *क्र. 46 ) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007 से दिसम्बर, 2009 तक प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में मशीनों व उपकरणों की खरीदी, लोककला जत्था, एड्स प्रचार-प्रसार सामग्री खरीदी कलर डॉप्लर और मॉनीटर तथा आई. सी. सी. यू. उपकरण खरीदी में अनियमितता के कुल कितने प्रकरण दर्ज हुए हैं ? दर्ज प्रकरणों की तिथिवार जानकारी दें. (ख) प्रश्नांश "क" के दर्ज प्रकरणों में 26-12-2009 तक क्या कार्यवाही की गई है ? किन-किन व्यक्तियों को दोषी पाया गया है ? (ग) जिन प्रकरणों की जांच एवं कार्यवाही लम्बित है, उन पर कब तक कार्यवाही की जायेगी ? जांच एवं कार्यवाही में विलम्ब का कारण क्या है ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) कुल-05 प्रकरण दर्ज किये गये हैं. दर्ज प्रकरणों की तिथिवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार है. (ख) † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार. (ग) निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है. समस्त प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही की जा रही है. विलम्ब नहीं है.

जिला जांजगीर-चांपा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थिति

23. ( *क्र. 124 ) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में कुल कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं ? विकासखण्डवार ग्राम के नाम सहित बतायें ? (ख) जिला जांजगीर-चांपा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पदों के विरुद्ध कितने अधिकारी एवं कर्मचारी सेवारत हैं ? पृथक-पृथक बतायें ? (ग) जिला जांजगीर-चांपा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पदों के अनुसार अधिकारी एवं कर्मचारियों की नियुक्तियां कब तक कर दी जायेगी ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) 39 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र. विवरण †† संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) स्वीकृत पदों के विरुद्ध 22 चिकित्सा अधिकारी एवं 176 कर्मचारी सेवारत् हैं. (ग) निश्चित समय-सीमा बता पाना संभव नहीं है.

जिला कोरिया के तहसील भरतपुर के जनकपुर में सौ बिस्तर अस्पताल हेतु स्वीकृत सेटअप

24. ( *क्र. 210 ) **श्री फूलचंद सिंह :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जनकपुर, तहसील भरतपुर, जिला कोरिया में निर्मित कराए गए सौ बिस्तर के अस्पताल के लिए विभागीय सेटअप स्वीकृत है ? (ख) यदि हां, तो कौन-कौन से पद सृजित किए गए हैं ? (ग) सृजित किए गए पदों के विरुद्ध कौन-कौन से पद भरे गए हैं ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : (क) जी नहीं. (ख) एवं (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

रायगढ़ मेडिकल कालेज के भवन निर्माण की प्रगति

25. ( *क्र. 8 ) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या तारांकित प्रश्न क्रमांक 176 दिनांक 28-7-09 के उत्तर में यह जानकारी दी गई है कि मेडिकल कालेज रायगढ़ के भवन निर्माण के लिए पूर्व अर्हता हेतु निविदा आमंत्रित की गयी है ? अगर हां, तो भवन निर्माण हेतु टेंडर कब-कब लगाया गया ? किस निर्माण एजेंसी को कार्य दिया गया एवं भवन निर्माण के लिए 2009-10 के बजट में कितनी राशि का प्रावधान था ? (ख) रायगढ़ में मेडिकल कालेज खोलने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को लेटर ऑफ परमिशन के लिए प्रस्ताव कब प्रेषित किया गया ?

---

† परिशिष्ट "नौ" †† परिशिष्ट "दस"

* **लोक स्वास्थ्य मंत्री** ( श्री अमर अग्रवाल ) : ( क ) जी हां. लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार भवन निर्माण हेतु पूर्व अर्हता सूचना क्रमांक 30/नि.प्र./09-10 दिनांक 08-07-2009 को जारी की गई. अर्ह पाये गये निविदाकारों से ऑनलाईन वित्तीय ऑफर बुलायी जाने हेतु निविदा सूचना क्रमांक 121/नि.प्र./09-10 दिनांक 13-11-2009 द्वारा निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की गई. निविदा स्वीकृति हेतु शासन स्तर पर विचाराधीन है. वित्तीय वर्ष 2009-10 में रुपये 452.92 लाख का लोक निर्माण विभाग के बजट में प्रावधान रखा गया है. ( ख ) रायगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को लेटर ऑफ परमिशन के लिए प्रस्ताव संचालनालय द्वारा दिनांक 23-08-2002 को प्रेषित किया गया था.

-----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 132) के भाग (ख) की जानकारी ]

**(ख) उक्त घटना में निम्न 40 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है.**

| क्र. (1) | नाम मृत व्यक्ति (2) | पता (3) |
|---|---|---|
| 1. | जितेन्द्र सिंह पिता जगदीश सिंह कोमरो उम्र 34 साल | भरकेसरी थाना जलालपुर जिला छपरा हाल मुकाम जीडीसीएल कंपनी बालको प्लांट-2. |
| 2. | आशिक हुसैन पिता ताकिज हुसैन मुसलमान उम्र 24 साल | भरकेसरी थाना जलालपुर जिला छपरा बिहार हाल मुकाम जीडीसीएल कंपनी बालको प्लांट-2. |
| 3. | रामअवतार यादव पिता मथुरा यादव उम्र 35 साल | गेपालपुर थाना गोरिमाकोटी जिला सिवान बिहार |
| 4. | राजकुमार टोप्पो पिता बंधन टोप्पो उम्र 26 साल | सोमदेगा झारखंड |
| 5. | मो. मुस्ताक पिता अब्दुल गफ्फार उम्र 26 साल | अवराई थाना अवराई जिला मुजफ्फरपुर बिहार |
| 6. | हरिशंकर पिता रघुवीर कोमरो उम्र 25 साल | भरकेसरी थाना जलालपुर जिला छपरा बिहार |
| 7. | गजाधर साव पिता तुलसी साव उम्र 28 साल | भवरा थाना भवनाशपुर जिला गढ़वा झारखंड |
| 8. | सूर्यदेव पिता सुदामा साव उम्र 30 साल | सोनहर थाना भवनाशपुर जिला गढ़वा झारखंड |
| 9. | रतलाल कोमरे पिता शिवबहादुर उम्र 34 साल | भरकेसरी थाना जलालपुर जिला छपरा बिहार |
| 10. | प्रताप केरकेटटा पिता कोलियाम उम्र 22 साल | जामादोहर थाना सोमदेवा जिला सोमदेवा झारखंड |
| 11. | रोहित सिंह पिता शिवमंगल सिंह उम्र 22 साल | धरोई डोलीटोला थाना बीरसिंगपाली जिला उमरिया म. प्र. |
| 12. | करण कुमार पिता श्यामदेव उम्र 24 साल | नगदोहा थाना बनियापुर जिला बिहार |
| 13. | हेरमोन पिता ठेप्पा खड़या उम्र 40 साल | कोमभेजरा थाना सोमदेवा झारखंड |
| 14. | मो. नूरूलहक पिता अब्दुल गफूर उम्र 30 साल | अवरोई जिला मुजफ्फरपुर बिहार |
| 15. | मनोज कुमार सिंह गौतम प्रसाद सिंह कोमरो 28 साल | भरकेसरी थाना जलालपुर जिला छपरा बिहार |
| 16. | शीलानंद पिता मारकोस पुलू खड़िया 22 साल | कटुकोमा थाना सोमदेवा जिला सोमदेवा झारखंड |
| 17. | रोशन पिता नेमेशदास उम्र 23 साल | जमादोहर थाना सोमदेवा झारखंड |
| 18. | सुदामा पिता दरोगा प्रसाद कोमरो उम्र 22 साल | सरमासराणी थाना गोरिमागोठी जिला सिवान बिहार |
| 19. | अभिमन्यु कुमार पिता रामपारिक उम्र 25 साल | बरहान थाना व जिला सिवान बिहार |
| 20. | चन्दन कुमार कोरी पिता सुदामा प्रसाद उम्र 22 साल | सरेया थाना गोरिमाकोठी जिला सिवान बिहार |
| 21. | छोटानी प्रसाद पिता पारसन प्रसाद नोनिया 22 साल | भरकेसरी थाना जलालपुर जिला छपरा बिहार |
| 22. | भगरेन महतो पिता बांकेलाल महतो उम्र 25 साल | करही थाना बनियापुर छपरा बिहार |
| 23. | रूपेश तिर्की पिता बिलियन तिर्की उम्र 34 साल | कटकोना थाना व जिला सिमदेगा झारखंड |
| 24. | दिनेश्वर सिंह पिता फेरूसिंह रोनिया उम्र 23 साल | कांछीपानी थाना बोलवा जिला सिमदेगा झारखंड |
| 25. | घूरनमांझी पिता चैतू मांझी उम्र 27 साल | तिररा थाना व जिला सिमदेगा झारखंड |
| 26. | चंद्रपाल सिंह पिता श्यामलाल सिंह उम्र 30 साल | कछरा थाना उमरिया जिला उमरिया म. प्र. |
| 27. | जगनसिंह पिता प्रताप सिंह गोड़ उम्र 30 साल | कछराटोला थाना व जिला उमरिया म. प्र. |
| 28. | केहर सिंह पिता बहादुर सिंह गोड़ उम्र 22 साल | कछराटोला थाना व जिला उमरिया म. प्र. |
| 29. | शाहरूमांझी पिता फागूमांझी उम्र 45 साल | कोनबेगी थाना व जिला सिमदेगा झारखंड |
| 30. | अरविंद तिर्की पिता बंधुलोहरा उम्र 26 साल | पहारगुरडा नवाटोली थाना व जिला सिमदेगा झारखंड |
| 31. | शीतल पिता सुशील डुंगडुंग खड़िया उम्र 22 साल | जामडोहर थाना व जिला सिमदेगा झारखंड |
| 32. | तेजबहादुर पिता चंदन सिंह उम्र 45 साल | बड़की मदनिया थाना भैरवा जिला सिवान बिहार |
| 33. | बिनोद सिंह पिता स्व. नंदकिशोर सिंह उम्र 36 साल | खोड़ीपाकर थाना अंमनोर जिला छपरा बिहार |
| 34. | मनोज सिंह पिता स्व. बच्चा प्रसाद कोइरी उम्र 32 साल | तारून थाना जनता बाजार जिला छपरा बिहार |
| 35. | धीरज सिंह पिता जगराज सिंह उम्र 40 साल | कचराटोला थाना व जिला उमरिया म. प्र. |
| 36. | बद्रेआलम पिता मो. आलम उम्र 50 साल | परसाभाटा बालको जिला कोरबा छ. ग. |
| 37. | भोला सिंह राजपूत पिता धन्नूसिंह राजपूत 36 साल | हरना कांपा थाना लालपुर जिला बिलासपुर छ.ग. |
| 38. | ह्रदयलाल यादव पिता रंगीला यादव उम्र 37 साल | गेपालपुर थाना गोरियाकोठी जिला सिवान बिहार |
| 39. | चंदन भगत पिता ईसदेव भगत माली उम्र 22 साल | मसरक थाना मसरक जिला छपरा बिहार |
| 40. | दूधनाथ पिता कार्तिकनाथ पटेल उम्र 26 साल | देवरहा थाना बम्हनीडीह जिला जांजगीर छ. ग. |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 116) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्र. (1) | 30 बिस्तर अस्पताल (2) | क्र. (3) | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (4) | क्र. (5) | उप स्वास्थ्य केंद्र (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अहिवारा | 1 | ननकट्ठी | 1 | गोढ़ी |
| | | 2 | जेवरा | 2 | कपसदा |
| | | 3 | भिलाई-3 | 3 | मल्पुरी कला |
| | | 4 | सुरडुंग | 4 | लिमतरा |
| | | 5 | मुरमुंदा | 5 | नारधा |
| | | | | 6 | सेमरिया |
| | | | | 7 | गिरहोला |
| | | | | 8 | पाहरा |
| | | | | 9 | डूमर |
| | | | | 10 | मेड़ेसरा |
| | | | | 11 | जरवाय |
| | | | | 12 | नंदिनी माइन्स |
| | | | | 13 | बानबरद |
| | | | | 14 | नंदिनी खुंदनी |
| | | | | 15 | कोड़िया |
| | | | | 16 | नंदोरी |
| | | | | 17 | कन्डरका |
| | | | | 18 | पथरिया |
| | | | | 19 | पंचदेवरी |
| | | | | 20 | करंजा भिलाई |
| | | | | 21 | वौर |
| | | | | 22 | कचांदुर |
| | | | | 23 | जेवरा |
| | | | | 24 | जामुल |
| | | | | 25 | लेबर कें. जामुल |
| | | | | 26 | चिखली |
| | | | | 27 | बोड़ेगांव |
| | | | | 28 | भेड़सर |
| | | | | 29 | मोरिद |
| | | | | 30 | देवबलोदा |
| | | | | 31 | सिरसाकला |
| | | | | 32 | चरोदा |
| | | | | 33 | सोमनी |

प्रपत्र "ब"

| क्र. (1) | भवनविहीन स्वास्थ्य केन्द्र का नाम (2) |
|---|---|
| 1. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जेवरा |
| 2. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, गोढ़ी |
| 3. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, पाहरा |
| 4. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, डूमर |
| 5. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, जरवाय |
| 6. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, नंदिनी माईन्स |
| 7. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, नंदिनी खुंदनी |
| 8. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, कोड़िया |
| 9. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, नंदोरी |
| 10. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, कन्डरका |
| 11. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, पथरिया |
| 12. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, पंचदेवरी |
| 13. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, ढौर |
| 14. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, लेबर कें. जामुल |
| 15. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, चिखली |
| 16. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, बोड़ेगांव |
| 17. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, भेड़सर |
| 18. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, मोरिद |
| 19. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, देवबलोदा |
| 20. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, सिरसाकला |
| 21. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, चरोदा |
| 22. | उप स्वास्थ्य केन्द्र, सोमनी |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 6 (क्र. 62) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

| क्रमांक<br>(1) | जिला का नाम<br>(2) | पर्यवेक्षक के रिक्त पदो की संख्या<br>(3) | जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के रिक्त पदों की संख्या<br>(4) |
|---|---|---|---|
| 1. | बिलासपुर | 23 | 1 |
| 2. | रायगढ़ | 42 | 0 |
| 3. | जांजगीर | 26 | 0 |
| 4. | कोरबा | 40 | 0 |
| 5. | कवर्धा | 42 | 0 |
| 6. | बस्तर | 38 | 1 |
| 7. | नारायणपुर | 5 | 0 |
| 8. | राजनांदगांव | 47 | 1 |
| 9. | रायपुर | 77 | 1 |
| 10. | बीजापुर | 29 | 0 |
| 11. | महासमुन्द | 50 | 1 |
| 12. | कोरिया | 40 | 0 |
| 13. | सरगुजा | 91 | 0 |
| 14. | धमतरी | 31 | 0 |
| 15. | कांकेर | 25 | 1 |
| 16. | दंतेवाड़ा | 50 | 0 |
| 17. | जशपुर | 36 | 1 |
| 18. | दुर्ग | 79 | 1 |
| | **योग** | **771** | **8** |

प्रपत्र "ब"

| क्रमांक (1) | जिला का नाम (2) | परियोजना का नाम (3) | पर्यवेक्षक के पद कब से रिक्त है (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | महासमुन्द | महासमुन्द शहरी | 03 पद 2007 से |
| | | महासमुन्द ग्रामीण | 07 पद 2005 से |
| | | बागबहरा | 10 पद 2007 से |
| | | पिथौरा | 11 पद 2007 से |
| | | बसना | 9 पद 2009 से |
| | | सराईपाली | 10 पद 2007 से |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 08 (क्र. 45) के भाग (क ) एवं (ग) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ "

**छत्तीसगढ़ में किराये के भवन में संचालित निजी नर्सिंग कॉलेजों की सूची**

| क्रमांक | निजी नर्सिंग महाविद्यालय का नाम व पता | संचालित भवन |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | रस्तोगी कालेज आफ नर्सिंग जामुल-भिलाई दुर्ग | किराये का भवन |
| 2. | श्री चन्द्रा नर्सिंग इंस्टीट्यूट सिंधी कालोनी दुर्ग | किराये का भवन |
| 3. | सी. जी. कालेज आफ नर्सिंग न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर | किराये का भवन |
| 4. | सृष्टि कालेज आफ नर्सिंग, गुजराती स्कूल, रायपुर | किराये का भवन |
| 5. | आदेश्वर नर्सिंग कालेज जी. ई. रोड जगदलपुर | किराये का भवन |
| 6. | आर्दश नर्सिंग इंस्टीट्यूट तेलीबांधा रायपुर | किराये का भवन |
